an>

Title: Need to take measures to protect the dignity of every citizen of the country.

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना) : महोदया, चौधरी साहब ने भी संबंधित मुद्दा उठाया है। मैं भी कहना चाहता हूं कि धर्म और गुरुओं से ऊपर हमारे लिए और कुछ नहीं है। एक पार्टी यह बात कहती थी कि राजनीति से धर्म को अलग रखेंगे, जात-पात को अलग रखेंगे। उनमें इतनी ज्यादा हड़बड़ाहट है कि कैसे पंजाब को लूटा जाए। चूंकि पंजाब में चुनाव होने वाले हैं, वे सोच रहे हैं कि कैसे पंजाब पर कब्जा किया जाए। वे रोज कोई न कोई नई बात, किसी न किसी बहाने कहते हैं। मैं किसी का नाम नहीं लूंगा। वह मुख्यमंत्री बहाना ढूंढ़ते हैं कि कुछ न कुछ कहते रहना चाहिए। वे या तो यहां से काम करते हुए थक जाते हैं और पंजाब में छुट्टियां बिताना चाहते हैं या धार्मिक यात्रा करने जाते हैं। वे कभी अपने साथ साफ बर्तन ले जाते हैं, दरबार साहब में सेवा करने लग जाते हैं। दिल्ली में भी बहुत-से गुरुद्वारे हैं जहां सेवा की जा सकती है। विडियो कैमरे के सामने या जर्नलिस्ट बुलाकर सेवा नहीं की जाती है।

अध्यक्ष महोदया सबसे बड़ी बात यह है कि देश में और विदेशों में भी जो लाखों लोग रोजाना टीवी चैनल्स पर दरबार साहब का दर्शन सुबह उठ कर करते हैं, इन्होंने दरबार साहब के आगे झाड़ू दिखाया है। इससे बड़ी बेइज्जती खासकर पंजाबियों की और गुरु नानक नाम लेने वाले जो लोग हैं, उनके लिए क्या हो सकती है। यह यूथ मैनिफेस्टो है। अच्छा होता अगर इस यूथ मैनिफेस्टो में फौजियों की फोटो, पंजाब के खिलाड़ियों की फोटो, कालेज के लड़कों की फोटो दिखाते। मुझे मालूम नहीं है कि कौन-सी साजिश का हिस्सा है कि इन्होंने जानबूझ कर दरबार साहब के आगे झाड़ू रखा है। मैं कहना चाहूंगा कि यहां भी उस पार्टी के सांसद हैं। उन दोनों सदस्यों को सदन में माफी मांगनी चाहिए और पंजाबियों तथा सिक्खों से भी माफी मांगनी चाहिए क्योंकि यह बहुत गलत बात है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से गुजारिश करूंगा कि इनकी पार्टी को इलेक्शन कमीशन को बैन करना चाहिए। यहां के सी.एम. पंजाब में जाकर दंगे भड़काते हैं, होम मिनिस्टरी को उन्हें रोकना चाहिए कि वे वहां न जाएं। इनके द्वारा पंजाब में कोई न कोई धार्मिक भावना भड़क सकती है। ये अंजान लोग हैं और हर चीज को मजाक में करना चाहते हैं। इन मजाकिया लोगों को, जो सीरियस लोग नहीं हैं, इन रिजेक्टिड लोगों को रोकना चाहिए। पंजाब बहुत ही सैंसिटिव स्टेट है।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को श्री रवनीत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।